# TOPPERSEXAM.COM

07-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

# TODAY NEWS HIGHLIGHT

- ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड सातवीं बार जीता आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 का खिताब (sports)
- भारत सरकार ने लॉन्च किया e-OCI कार्ड: प्रवासी भारतीयों के लिए डिजिटल पहचान एवं यात्रा सुविधा की नई पहल (national)
- उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना 2026: आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा पहल (scheme)
- पश्चिम बंगाल के तीन पारंपरिक उत्पादों को मिला GI टैग: जलभरा संदेश, जनाई का मनोहरा और बालागढ़ की लकड़ी की नावें (state in news)
- बिहार के मुंगेर का 700 वर्ष पुराना बरगद वैज्ञानिक रूप से दिनांकित: रेडियोकार्बन डेटिंग से मिली ऐतिहासिक पुष्टि (sci-tech)
- भारत–माली निर्यात संवर्धन मंच (India–Mali Export Promotion Forum): भारत-अफ्रीका व्यापार सहयोग को नई गति (international)
- भारत–जापान स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को नई गति: ACME–MGC के बीच 1 अरब डॉलर का ग्रीन मेथनॉल समझौता (international)
- विश्व चॉकलेट दिवस 2026: कोको, कृषि अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार से जुड़ा महत्वपूर्ण दिवस (imp. day)

### 1. ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड सातवीं बार जीता आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 का खिताब

5 जुलाई 2026 को लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार खिताब जीता। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 150/4 रन बनाए, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 17.1 ओवर में 153/3 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बेथ मूनी ने नाबाद 64 रन की मैच जिताऊ पारी खेली और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि फोएबे लिचफील्ड ने 48 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया।




### 2. भारत सरकार ने लॉन्च किया e-OCI कार्ड: प्रवासी भारतीयों के लिए डिजिटल पहचान एवं यात्रा सुविधा की नई पहल

भारत सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया (e-OCI) कार्ड लॉन्च किया है, जो मौजूदा OCI कार्ड का सुरक्षित डिजिटल संस्करण है और इसे स्मार्टफोन में डाउनलोड कर उपयोग किया जा सकता है। यह कार्ड आधिकारिक OCI Services Portal से प्राप्त किया जा सकता है तथा यात्रा के दौरान OCI स्थिति का डिजिटल प्रमाण प्रदान करता है, जबकि भौतिक OCI कार्ड/पुस्तिका पहले की तरह पूरी तरह वैध रहेगी।



### 3. उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना 2026: आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा पहल

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (NFBS) राज्य सरकार की एक सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे (BPL) रहने वाले उन परिवारों को आर्थिक सहायता देना है, जिनके मुख्य कमाने वाले सदस्य की मृत्यु हो गई हो। योजना के तहत पात्र परिवार को ₹30,000 की एकमुश्त सहायता राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से आधार से जुड़े बैंक खाते में प्रदान की जाती है।





### 4. पश्चिम बंगाल के तीन पारंपरिक उत्पादों को मिला GI टैग : जलभरा संदेश, जनाई का मनोहरा और बालागढ़ की लकड़ी की नावे

भारत सरकार ने पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तीन पारंपरिक उत्पादों—चंदननगर का जलभरा संदेश, जनाई का मनोहरा और बालागढ़ की पारंपरिक लकड़ी की नावों—को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया है। GI टैग एक बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) है, जो किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट उत्पादों को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है तथा इसका पंजीकरण Geographical Indications of Goods (Registration and Protection) Act, 1999 के अंतर्गत किया जाता है।



### 5. बिहार के मुंगेर का 700 वर्ष पुराना बरगद वैज्ञानिक रूप से दिनांकित : रेडियोकार्बन डेटिंग से मिली ऐतिहासिक पुष्टि

बिहार के मुंगेर स्थित बरगद (Ficus benghalensis) के एक वृक्ष की आयु वैज्ञानिक रूप से लगभग 700 वर्ष निर्धारित की गई है, जो भारत में इस प्रकार का पहला प्रमाणित अध्ययन है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के अनुसार, वृक्ष की आयु निर्धारण के लिए Accelerator Mass Spectrometry (AMS) आधारित रेडियोकार्बन डेटिंग (Carbon-14 Dating) तकनीक का उपयोग किया गया।



### 6. भारत–माली निर्यात संवर्धन मंच (India–Mali Export Promotion Forum): भारत-अफ्रीका व्यापार सहयोग को नई गति

भारत और माली ने माली की राजधानी बामाको में भारत–माली निर्यात संवर्धन मंच (India–Mali Export Promotion Forum) का शुभारंभ किया, जो दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश सहयोग का पहला संस्थागत द्विपक्षीय मंच है। इस मंच का उद्देश्य व्यापार, निवेश, विनिर्माण, कृषि, अवसंरचना तथा B2B, B2G और G2G सहयोग को मजबूत बनाना है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत–माली द्विपक्षीय व्यापार 326.61 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 55% अधिक है।




### 7. भारत–जापान स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को नई गति : ACME–MGC के बीच 1 अरब डॉलर का ग्रीन मेथनॉल समझौता

भारत की ACME Group और जापान की Mitsubishi Gas Chemical (MGC) के बीच लगभग 1 अरब अमेरिकी डॉलर का समझौता हुआ है, जिसके तहत ओडिशा के पारादीप संयंत्र से प्रतिवर्ष 1,00,000 टन ग्रीन मेथनॉल जापान को निर्यात किया जाएगा। ग्रीन मेथनॉल ग्रीन हाइड्रोजन और पकड़ी गई कार्बन डाइऑक्साइड (Captured $CO_2$) से निर्मित कम-कार्बन स्वच्छ ईंधन है, जिसका उपयोग समुद्री परिवहन और उद्योगों में किया जाता है।



### 8. विश्व चॉकलेट दिवस 2026: कोको, कृषि अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार से जुड़ा महत्वपूर्ण दिवस

विश्व चॉकलेट दिवस (World Chocolate Day) प्रत्येक वर्ष 7 जुलाई को चॉकलेट के इतिहास, सांस्कृतिक महत्व और वैश्विक लोकप्रियता के सम्मान में मनाया जाता है। चॉकलेट कोको (Theobroma cacao) के बीजों से बनाई जाती है, जिसकी खेती मुख्यतः उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में होती है। विश्व का सबसे बड़ा कोको उत्पादक देश कोट डी आइवर (Côte d'Ivoire) है, जबकि भारत में इसकी खेती मुख्य रूप से केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में की जाती है।



# TOPPERSEXAM.COM

**1. आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 का खिताब किस टीम ने जीता ?**

A - इंग्लैडं  
B - भारत  
C - ऑस्ट्रेलिया  
D - दक्षिण अफ्रीका

5 जुलाई 2026 को लॉर्ड्स, लंदन मे खेले गए आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल मे ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैडं को 7 विकेट से हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार खिताब अपने नाम किया। बेथ मूनी (64*) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि इंग्लैडं की ओर से नैट साइवर-ब्रंट ने नाबाद 58 रन बनाए।



**2. हाल ही मे भारत सरकार ने कौन-सा नया डिजिटल कार्ड लॉन्च किया है ?**

A - e-PAN कार्ड  
B - e-OCI कार्ड  
C - e-Ration कार्ड  
D - e-Voter कार्ड

भारत सरकार ने e-OCI (Electronic Overseas Citizen of India) कार्ड लॉन्च किया है, जो मौजूदा OCI कार्ड का सुरक्षित डिजिटल संस्करण है और इसे स्मार्टफोन मे डाउनलोड कर उपयोग किया जा सकता है। यह पहल प्रवासी भारतीयों के लिए यात्रा, दस्तावेज़ सत्यापन और आव्रजन प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ Digital India एवं ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देती है।




**3. उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत पात्र परिवार को कितनी एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की जाती है ?**

A - ₹20,000  
B - ₹25,000  
C - ₹30,000  
D - ₹50,000

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (NFBS) गरीबी रेखा (BPL) से नीचे रहने वाले उन परिवारों को ₹30,000 की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान करती है, जिनके मुख्य कमाने वाले सदस्य की मृत्यु हो गई हो। योजना का लाभ DBT के माध्यम से आधार से जुड़े बैंक खाते मे दिया जाता है तथा इसके लिए ऑनलाइन आवेदन, उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना और निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है।




**4. हाल ही मे पंश्चिम बंगाल के कितने पारंपरिक उत्पादों को GI टैग प्रदान किया गया है ?**

A - 2  
B - 3  
C - 4  
D - 5

भारत सरकार ने पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तीन पारंपरिक उत्पादों—चंदननगर का जलभरा संदेश, जनाई का मनोहरा और बालागढ़ की पारंपरिक लकड़ी की नावों—को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया है। GI टैग एक बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) है, जो विशिष्ट भौगोलिक उत्पादों को कानूनी संरक्षण प्रदान कर उनकी पहचान, निर्यात, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देता है।



**5. हाल ही मे वैज्ञानिक रूप से लगभग 700 वर्ष पुराना घोषित बरगद का वृक्ष किस राज्य मे स्थित है ?**

A - उत्तर प्रदेश

B - झारखंड

**C - बिहार**

D - पश्चिम बंगाल

बिहार के मुंगेर स्थित बरगद (Ficus benghalensis) के एक वृक्ष की आयु वैज्ञानिक रूप से लगभग 700 वर्ष निर्धारित की गई, जो भारत मे इस प्रकार का पहला प्रमाणित अध्ययन है। इस अध्ययन मे AMS आधारित रेडियोकार्बन डेटिंग (Carbon-14 Dating) तकनीक का उपयोग किया गया, जिससे प्राचीन वृक्षों के संरक्षण और पर्यावरणीय इतिहास के अध्ययन को नई दिशा मिली।



**6. भारत–माली निर्यात संवर्धन मंच का शुभारंभ किस शहर मे किया गया ?**

A - नई दिल्ली

B - डकार

**C - बामाको**

D - नैरोबी

भारत और माली ने बामाको मे भारत–माली निर्यात संवर्धन मंच का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य व्यापार, निवेश एवं आर्थिक सहयोग को मजबूत करना है। वित्त वर्ष 2025-26 मे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 326.61 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना मे 55% अधिक है।




**7. ACME Group ने ग्रीन मेथनॉल निर्यात के लिए किस जापानी कंपनी के साथ समझौता किया है ?**

A - Toyota Motors

**B - Mitsubishi Gas Chemical (MGC)**

C - Hitachi Ltd.

D - Mitsubishi Heavy Industries

भारत की ACME Group और जापान की Mitsubishi Gas Chemical (MGC) के बीच 1 अरब अमेरिकी डॉलर का समझौता हुआ है, जिसके तहत ओडिशा के पारादीप से प्रतिवर्ष 1,00,000 टन ग्रीन मेथनॉल जापान को निर्यात किया जाएगा। यह परियोजना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को बढ़ावा देने, भारत को हरित ईंधन निर्यातक के रूप मे स्थापित करने तथा वैश्विक नेट-ज़ीरो लक्ष्यों की प्राप्ति मे सहायक होगी।



**8. चॉकलेट किस पौधे के बीजों से बनाई जाती है ?**

A - कॉफी

**B - कोको**

C - चाय

D - गन्ना

विश्व चॉकलेट दिवस प्रत्येक वर्ष 7 जुलाई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य चॉकलेट के इतिहास, सांस्कृतिक महत्व और वैश्विक लोकप्रियता का सम्मान करना है। चॉकलेट कोको (Theobroma cacao) के बीजों से बनाई जाती है और कोट डी आइवर विश्व का सबसे बड़ा कोको उत्पादक देश है।



# One Liner

1. आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 का खिताब रिकॉर्ड सातवीं बार किस टीम ने जीता ? - ऑस्ट्रेलिया

2. भारत सरकार द्वारा लॉन्च किए गए e-OCI कार्ड का पूर्ण रूप क्या है ? - Electronic Overseas Citizen of India (e-OCI)

3. बिहार के मुंगेर स्थित वैज्ञानिक रूप से दिनांकित बरगद के वृक्ष की अनुमानित आयु कितनी निर्धारित की गई है ? - लगभग 700 वर्ष

4. विश्व चॉकलेट दिवस प्रत्येक वर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ? - 7 जुलाई

5. विश्व का सबसे बड़ा कोको उत्पादक देश कौन-सा है ? - कोट डी आइवर (Côte d'Ivoire)

6. ग्रीन मेथनॉल के उत्पादन मे ग्रीन हाइड्रोजन के साथ किस गैस का उपयोग किया जाता है ? - पकड़ी गई कार्बन डाइऑक्साइड (Captured $CO_2$)

7. उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (NFBS) के तहत पात्र परिवार को कितनी एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की जाती है ? - ₹30,000

8. ACME Group और Mitsubishi Gas Chemical (MGC) के बीच हुए समझौते के तहत किस हरित ईंधन का निर्यात किया जाएगा ? - ग्रीन मेथनॉल

9. हाल ही मे GI टैग प्राप्त करने वाले जलभरा संदेश, जनाई का मनोहरा और बालागढ़ की लकड़ी की नावे किस राज्य से संबंधित है ? - पश्चिम बंगाल

10. भारत–माली निर्यात संवर्धन मंच का शुभारंभ माली के किस शहर मे किया गया ? - बामाको

# TOPPERSEXAM.COM

07-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- Australia won the ICC Women's T20 World Cup 2026 title for a record seventh time (sports)
- Government of India launches e-OCI Card: New initiative to provide digital identity and travel convenience to Overseas Indians (national)
- Uttar Pradesh National Family Benefit Scheme 2026: Social Security Initiative for Economically Weaker Families (scheme)
- Three traditional products from West Bengal get GI tag: Jalbhara Sandesh, Manohara of Janai and wooden boats of Balagarh (state in news)
- 700-year-old banyan tree from Munger, Bihar scientifically dated: Radiocarbon dating provides historical confirmation (sci-tech)
- India–Mali Export Promotion Forum: Giving New Momentum to India-Africa Trade Cooperation (international)
- India-Japan clean energy cooperation gains new momentum: ACME-MGC signs $1 billion green methanol agreement (international)
- World Chocolate Day 2026: An important day related to cocoa, agriculture, economy and global trade.

### 1. Australia wins ICC Women's T20 World Cup 2026 title for a record seventh time

In the final of the ICC Women's T20 World Cup 2026, played at Lord's Cricket Ground in London on July 5, 2026, Australia defeated England by 7 wickets to clinch the title for a record seventh time. Batting first, England scored 150/4 in 20 overs; in response, Australia chased down the target, scoring 153/3 in 17.1 overs.




### 2. Government of India Launches e-OCI Card: A New Initiative for Digital Identity and Travel Convenience for the Indian Diaspora

The Government of India has launched the electronic Overseas Citizen of India (e-OCI) card; it is a secure digital version of the existing OCI card that can be downloaded and used on smartphones. This card can be obtained via the official OCI Services Portal and serves as digital proof of OCI status during travel, while the physical OCI card/booklet remains fully valid as before.



### 3. Uttar Pradesh National Family Benefit Scheme 2026: A social security initiative for economically weaker families

The Uttar Pradesh National Family Benefit Scheme (NFBS) is a social security scheme launched by the state government, aimed at providing financial assistance to families living below the poverty line (BPL) who have lost their primary breadwinner. Under the scheme, eligible families receive a one-time financial assistance of ₹30,000 via Direct Benefit Transfer (DBT) into their Aadhaar-linked bank accounts.





### 4. Three traditional products from West Bengal receive GI tags: Jalbhara Sandesh, Janai-er Manohara, and Balagarh wooden boats

The Government of India has granted the Geographical Indication (GI) tag to three traditional products from the Hooghly district of West Bengal: Chandannagar’s Jalbhara Sandesh, Janai-er Manohara, and Balagarh’s traditional wooden boats.



## 5. 700-year-old Banyan tree in Munger, Bihar, scientifically dated: Historical confirmation via radiocarbon dating

The age of a Banyan tree (Ficus benghalensis) located in Munger, Bihar, has been scientifically determined to be approximately 700 years; this marks the first such certified study of its kind in India. According to the Department of Science and Technology (DST), Accelerator Mass Spectrometry (AMS)-based radiocarbon dating (Carbon-14 dating) technology was employed to determine the tree's age.



## 6. India–Mali Export Promotion Forum: New momentum for India-Africa trade cooperation

India and Mali launched the India–Mali Export Promotion Forum in Bamako, the capital of Mali; this is the first institutional bilateral platform for trade and investment cooperation between the two nations. The forum aims to strengthen cooperation across sectors such as trade, investment, manufacturing, agriculture, and infrastructure, as well as to foster B2B (Business-to-Business), B2G (Business-to-Government), and G2G (Government-to-Government) partnerships.




## 7. New Momentum for India-Japan Clean Energy Cooperation: $1 Billion Green Methanol Agreement between ACME and MGC

An agreement worth approximately US$1 billion has been signed between India's ACME Group and Japan's Mitsubishi Gas Chemical (MGC), under which 100,000 tonnes of green methanol will be exported annually from the Paradip plant in Odisha to Japan.



## 8. World Chocolate Day 2026: A significant day linked to cocoa, the agricultural economy, and global trade.

World Chocolate Day is celebrated annually on July 7th to honor the history, cultural significance, and global popularity of chocolate. Chocolate is made from the seeds of the cocoa tree (Theobroma cacao), which is primarily cultivated in tropical regions.



TOPPERSEXAM.COM

**1. Which team won the ICC Women's T20 World Cup 2026 title?**

A - England
B - India
C - Australia
D - South Africa

In the final of the ICC Women's T20 World Cup 2026, played at Lord's, London, on July 5, 2026, Australia defeated England by 7 wickets to claim the title for a record seventh time. Beth Mooney (64) was named Player of the Match, while England's Nat Sciver-Brunt scored an unbeaten 58 runs.



**2. Which new digital card has the Government of India recently launched?**

A - e-PAN card
B - e-OCI card
C - e-Ration card
D - e-Voter card

The Government of India has launched the e-OCI (Electronic Overseas Citizen of India) card; it is a secure digital version of the existing OCI card that can be downloaded and used on smartphones. This initiative promotes 'Digital India' and e-governance while simplifying travel, document verification, and immigration processes for the Indian diaspora.




**3. What is the amount of one-time financial assistance provided to an eligible family under the Uttar Pradesh National Family Benefit Scheme?**

A - ₹20,000
B - ₹25,000
C - ₹30,000
D - ₹50,000

The Uttar Pradesh National Family Benefit Scheme (NFBS) provides a one-time financial assistance of ₹30,000 to families living below the poverty line (BPL) upon the death of their primary breadwinner.



**4. How many traditional products from West Bengal have recently been granted the GI tag?**

A - 2
B - 3
C - 4
D - 5

The Government of India has granted the Geographical Indication (GI) tag to three traditional products from the Hooghly district of West Bengal: Chandannagar's Jalbhara Sandesh, Janai's Manohara, and Balagarh's traditional wooden boats. A GI tag is an Intellectual Property Right (IPR) that provides legal protection to specific geographical products, thereby boosting their identity, exports, local economy, and cultural heritage.



Contact No. - 7891099005, 7891099006

**5. In which state is the banyan tree located that was recently scientifically determined to be approximately 700 years old?**



A - Uttar Pradesh
B - Jharkhand
C - Bihar
D - West Bengal

The age of a banyan tree (Ficus benghalensis) located in Munger, Bihar, was scientifically determined to be approximately 700 years; this marks the first certified study of its kind in India.

**6. In which city was the India-Mali Export Promotion Forum launched?**




A - New Delhi
B - Dakar
C - Bamako
D - Nairobi

India and Mali launched the India-Mali Export Promotion Forum in Bamako, aiming to strengthen trade, investment, and economic cooperation. Bilateral trade between the two countries stood at US$ 326.61 million in the 2025-26 fiscal year, representing a 55% increase compared to the previous year.

**7. With which Japanese company has the ACME Group signed an agreement for green methanol exports?**



A - Toyota Motors
B - Mitsubishi Gas Chemical (MGC)
C - Hitachi Ltd.
D - Mitsubishi Heavy Industries

An agreement worth US$ 1 billion has been signed between India's ACME Group and Japan's Mitsubishi Gas Chemical (MGC), under which 100,000 tonnes of green methanol will be exported annually from Paradip, Odisha, to Japan.

**8. Chocolate is made from the seeds of which plant?**



A - Coffee
B - Cocoa
C - Tea
D - Sugarcane

World Chocolate Day is celebrated annually on July 7 to honor the history, cultural significance, and global popularity of chocolate. Chocolate is made from the seeds of the cacao tree (Theobroma cacao), and Côte d'Ivoire is the world's largest cocoa-producing country.

Contact No. - 7891099005, 7891099006

# One Liner

1. In which city of Mali was the India-Mali Export Promotion Forum launched? - Bamako

2. On which date is World Chocolate Day celebrated every year? - July 7

3. Which gas is used alongside green hydrogen in the production of green methanol? - Captured Carbon Dioxide (Captured $CO_2$)

4. Which team won the ICC Women's T20 World Cup 2026 title for a record seventh time? - Australia

5. What is the lump-sum assistance amount provided to an eligible family under the Uttar Pradesh National Family Benefit Scheme (NFBS)? - ₹30,000

6. Which is the world's largest cocoa-producing country? - Côte d'Ivoire

7. To which state do 'Jalbhara Sandesh', 'Janai-er Manohara', and 'Balagarh wooden boats'—which recently received the GI tag—belong? - West Bengal

8. What is the full form of the e-OCI card launched by the Government of India? - Electronic Overseas Citizen of India (e-OCI)

9. Which green fuel will be exported under the agreement between ACME Group and Mitsubishi Gas Chemical (MGC)? - Green Methanol

10. What is the estimated age of the scientifically dated banyan tree located in Munger, Bihar? - Approximately 700 years